हरिभूमि

विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 8 नवंबर 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

06 शमशाबाद में पुलिस ने 16 किलो अवैध विस्फोटक पदार्थ जब्त किया, 2 गिरफ्तार



खबर संक्षेप

पुरस्कार के लिए एसआई मकसूद अली चयनित



विदिशा। थाना सिविल लाइन में पदस्थ उप निरीक्षक मकसूद अली का मप्र पुलिस मुख्यालय द्वारा घोषित प्रतिष्ठित रुस्तमजी पुरस्कार-2025 के लिए विशिष्ट श्रेणी में चयन हुआ है। थाना बरायठा, जिला सागर में थाना प्रभारी रहते हुए कानून-व्यवस्था बनाए रखने, उत्कृष्ट अपराध अनुसंधान और जटिल मामलों का सफल खुलासा करने में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए यह सम्मान दिया जाएगा। उपलब्धि पर एसपी रोहित काशवानी ने उन्हें प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया।

शनिवार को बाजार में दुकानों पर पैर रखने भी नहीं मिली जगह

घरों में होगी माता लक्ष्मी की पूजा, शाम 5:54 से रात 7:50 बजे तक श्रेष्ठ मुहूर्त

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

आज रविवार को दीपावली का पर्व पूरे उत्साह, उमंग और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। पर्व को लेकर घरों से लेकर बाजारों तक उत्सव का माहौल है। लोगों ने घरों की साफ-सफाई कर आकर्षक सजावट की है। वहीं रंगोली, दीपक, फूलों और बिजली की झालरों से घरों को सजाया गया है। शाम होते ही घर-आंगन दीपों की रोशनी से जगमगा उठेंगे।

दीपावली पर शुभ मुहूर्त में भगवान गणेश और मां लक्ष्मी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाएगी। परिवार के सदस्य एकत्रित होकर सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना करेंगे। पूजा के बाद दीप जलाने और मिठाइयां बांटने की परंपरा निभाई जाएगी। बच्चों में भी त्योहार को लेकर खास उत्साह है। पर्व के चलते बाजारों में भी रौनक बनी हुई है। लोगों ने पूजन सामग्री, मिठाई, सजावटी सामान, दीपक और उपहारों की खरीदारी की। व्यापारिक प्रतिष्ठानों में भी विशेष सजावट की गई है। दीपावली के अवसर पर लोग एक-दूसरे को शुभकामनाएं देकर खुशियां साझा करेंगे। यह पर्व अंधकार पर प्रकाश और बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देता है।



दीपावली पूजा सामग्री की सूची : लकड़ी की चौकी और नया कोरा लाल या पीला वस्त्र, भगवान गणेश और माता लक्ष्मी की मूर्ति या चित्र, गंगाजल, पंचामृत (दूध, दही, घी, शक्कर, शहद), शुद्ध घी, रोली, कुमकुम, हल्दी की गांठ, अक्षत (साबुत चावल), जनेऊ, दूर्वा, पान, सुपारी, लौंग, इलायची, कमल गट्टा, चांदी का सिक्का, फल, फूल (विशेषकर कमल का फूल या लाल गुलाब), मिठाई, खील-बताशे, एकमुखी घी का दीपक, तिल के तेल का दीपक, धूप, अगरबत्ती और कपूर की जरुरत होगी।

माता लक्ष्मी की पूजा के लिए मुहूर्त

श्रेष्ठ मुहूर्त : शाम 5:54 बजे से रात 7:50 बजे तक
प्रदोष काल : शाम 5:31 बजे से रात 8:09 बजे तक।
सिंह लग्न (व्यापारियों और विशेष साधना के लिए) : रात 12:26 बजे से सुबह 2:40 बजे तक।

ऐसे करें लक्ष्मी पूजा

शुभ मुहूर्त में पूजा स्थल पर चौकी रखकर लाल कपड़ा बिछाएं और गंगाजल छिड़कें। इसके बाद हाथ में जल, अक्षत और पुष्प लेकर पूजन का संकल्प लें। सबसे पहले भगवान गणेश को दूर्वा, लाल फूल, चंदन, अक्षत और मिठाई अर्पित करें। इसके बाद गणेशजी के दाईं ओर मां लक्ष्मी और बाईं ओर भगवान कुबेर की स्थापना करें। मां लक्ष्मी को जल, पंचामृत, सिंदूर, कुमकुम, अत्तर, वस्त्र, आभूषण और लाल पुष्प अर्पित करें। खील-बताशे, मिठाई, फल और पान का भोग लगाएं। इसके बाद 'ॐ श्रीं महालक्ष्म्यै नम:' मंत्र का जाप करें। श्रद्धानुसार श्रीसूक्त या कनकधारा स्तोत्र का पाठ करें। अंत में गणेश-लक्ष्मी की आरती कर घर के मुख्य द्वार, पूजा स्थल और अन्य स्थानों पर दीपक जलाकर दीपदान करें।

29.94 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ दो गिरफ्तार बिना नंबर की स्कूटी, नगद, 3 मोबाइल जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत शमशाबाद पुलिस ने ब्राउन शुगर की तस्करी के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया है।

दोनों लटेरी-शमशाबाद रोड पर ग्राम कोलुआ के पास बिना नंबर की स्कूटी से ब्राउन शुगर ले जा रहे थे। पुलिस ने उनके कब्जे से 29.94 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की है। इसकी अनुमानित कीमत 3 लाख रुपए बताई गई है। पुलिस ने आरोपियों के पास से बिना नंबर की सुजुकी एक्सेस स्कूटी, 24 हजार 250 रुपए नकद और तीन मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं। जब्त सामग्री की कुल कीमत 4 लाख 44 हजार 250 रुपए आंकी गई है।



दो अलग- अलग पैकेट में रखी थी ब्राउन शुगर

ब्राउन शुगर दो अलग-अलग पैकेट में रखी हुई थी। इनमें एक पैकेट में 23.40 ग्राम और दूसरे में 6.54 ग्राम ब्राउन शुगर मिली। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान ओमप्रकाश तंवर (20) निवासी कोटड़ी, जिला झालावाड़ (राजस्थान) और सौरभ राजपूत (24) निवासी गल्ला मंडी रोड, विदिशा के रूप में हुई है।

पुरखों की स्मृति में 1100 दीपों से जगमगाएगा मुक्तिधाम

विदिशा। शनिवार शाम मुक्तिधाम में 1100 दीपक और मोमबत्तियां जलाकर परिसर को रोशन किया गया। साथ ही आकर्षक रंगोली सजाई गई। दिवंगत परिजनों को मिष्ठान का भोग लगाया गया। कार्यक्रम की पूरी सामग्री मुक्तिधाम समिति द्वारा उपलब्ध कराई गई।



मेमू ट्रेन में खड़े होने तक की जगह नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ ट्रेनों में बढ़ने लगी है। विदिशा रेलवे स्टेशन पर भी यात्रियों की संख्या बढ़ गई है।

सबसे ज्यादा दबाव भोपाल-बीना के बीच चलने वाली मेमू और अन्य यात्री ट्रेनों में देखने को मिल रहा है। ट्रेन के स्टेशन पहुंचते ही प्लेटफॉर्म पर यात्रियों की भीड़ जुट रही है। परिवार के साथ दीपावली मनाने के लिए बड़ी संख्या में लोग अपने गांव और घर लौट रहे हैं। ऐसे में ट्रेन यात्रियों के आने-जाने का प्रमुख साधन बनी हुई है।

विदिशा स्टेशन पर ट्रेन पहुंचते ही यात्री सीट पाने के लिए जल्दबाजी करते नजर आए। भोपाल-बीना रूट की मेमू ट्रेन से विदिशा जिले के गुलाबगंज, गंजबासौदा, पवई, मंडीबामोरा और कुल्हड़ सहित आसपास के इलाकों में जाने वाले यात्री सफर कर रहे हैं। त्योहार के चलते ट्रेनों में सामान्य दिनों की तुलना में अधिक भीड़ है।

भीड़ के कारण कई यात्रियों को बैठने की जगह नहीं मिल रही है। उन्हें खड़े होकर सफर करना पड़ रहा है। दीपावली नजदीक आने के साथ ही आने वाले दिनों में ट्रेनों में यात्रियों की संख्या और बढ़ने की संभावना है।

पंचायत के बोर से 50 हजार रु. की 250 फीट केबल चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

विदिशा। कुरवाई पुलिस ने ग्राम सिहोरा पंचायत के बोर से करीब 250 फीट बिजली केबल चोरी करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर चोरी की केबल बरामद की है। इसकी कीमत करीब 50 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस के मुताबिक सिहोरा निवासी माजिद उर्फ कल्लू खान ने 5 नवंबर को थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि 4 नवंबर की रात पेट्रोल पंप के पास स्थित पंचायत के बोर से टंकी भरने के बाद उसे बंद कर दिया गया था। अगली सुबह जब वे बोर चालू करने पहुंचे तो पानी की मोटर से स्टार्टर तक लगी करीब 250 फीट बिजली केबल कटी मिली। कुरवाई थाने में चोरी का मामला दर्ज किया गया।

राशिद खान गिरफ्तार

पुलिस ने सिहोरा निवासी 46 वर्षीय राशिद पिता फारूख खान को गिरफ्तार किया। राशिद की निशानदेही पर चोरी की केबल बरामद कर ली गई है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि आरोपी का जिले में बिजली के तार या खेतों से सामान चोरी करने की अन्य घटनाओं से कोई संबंध है या नहीं।







दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ
NEW TVS Radeon
JIYO BULAND BADHO BULAND
बड़कुल TVS
कालाबाग, बरेठ रोड, गंजबासौदा
8989029329, 9584494644
badkulautomotors@gmail.com
badkul tvs/badkul tvs ganjbasoda

दीपावली एवं भाईदूज
की हार्दिक शुभकामनाएँ
शुभेच्छु -
स्वीट्स गंगा
बरेठ रोड, गंजबासौदा

समस्त प्रदेशवासियों को
दीपोत्सव
की हार्दिक शुभकामनायें
Happy Diwali
शुभेच्छु :
एकांत ऑटोमोबाईल्स
गंजबासौदा
एकांत जैन

दीपावली एवं भाईदूज
की हार्दिक शुभकामनाएँ
श्रीराम ट्रांसपोर्ट कंपनी
गंजबासौदा
प्रो. रामेश्वर रैकवार (अल्लू)

दीपावली एवं भाईदूज
की हार्दिक शुभ कामनाएँ
माँ शीतला गैस एजेंसी
गंजबासौदा

समस्त प्रदेशवासियों को
इंडियनऑयल IndianOil
इण्डेन
गैस एजेंसी की ओर से
दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें
प्रमोद जैन संचालक
प्रबल जैन संचालक
रीफिल बुकिंग के लिये नया नंबर 7718955555 का उपयोग करें।
सौजन्य से - बासौदा गैस एजेंसी, मील रोड, गंजबासौदा

दीपावली एवं भाईदूज
की हार्दिक शुभकामनाएँ
मे. रमेशचंद कांतिलाल शाह
गल्ला मंडी, गंजबासौदा

सुबह का एहसास एवर फ्रेश चाय के साथ...
सभी क्षेत्रवासियों को धनतेरस एवं दीपावली की
हार्दिक-हार्दिक शुभकामनाएं
एवर फ्रेश चाय
एक स्टील गिलास फ्री
मुफ्त
वितरक : चौरसिया ट्रेडिंग कंपनी, स्टेशन रोड
गंज बासौदा | फोन : 07594-221737

कक्का की दुकान
जैन स्टोर्स
हमारी सेवायें
की ओर से दीपोत्सव की हार्दिक शुभकामनायें
पुस्तकें, कापियां, बस्ते, पंचायत एवं स्कूल स्टेशनरी, खोल सामग्री, ट्रॉफी, शील्ड, मेडल, सजावट सामग्री, हार, वंदनवार आदि
बहीखाते एवं धार्मिक पुस्तकों के थोक एवं फुटकर विक्रेता
सतीश जैन(मंत्री जी) 9826433303
प्रदीप जैन (पी.के.) 9425437679
प्रतीक जैन 8871529315
यश जैन (पीलू) 7000359160
वैभव जैन(ईलू) 9131762783
कक्का वाली गली, सुभाष चौक, गंजबासौदा

दीपावली एवं भाईदूज
की हार्दिक शुभकामनाए
अभिषेक पटेल
युवा भाजपा नेता

दीपावली एवं भाईदूज
की हार्दिक शुभकामनाएँ
पलोड़ ट्रांसपोर्ट कंपनी
संजय पलोड़ एंड कंपनी
गंजबासौदा

दीपावली एवं भाईदूज
की हार्दिक शुभकामनाएँ
महादेव ट्रेडर्स, गंजबासौदा

दीपावली एवं भाईदूज
की हार्दिक शुभकामनाएँ
अंश जैन, वंश जैन, गंजबासौदा

INVESTORS PROPERTY
The Life Of Luxury
NARMDA HOMES
PREMIUM RESIDENTIAL PLOTS
आपकी सपना, हमारी प्राथमिकता
बेहतर कल के लिए, आज ही सही निवेश करें।
BOOKING START
NEAR BY DREAM CITY COLONY BARETH ROAD GANJ BASODA
Contact : 9826204132
BARETH ROAD
N W E S
PROJECT FEATURES
Gated Community
Wide Internal Roads
Electricity Facility
Sufficient Water Supply (Adequate Water Supply)
Well Planned Layout
Best Investment Opportunity
9.0 M WIDE ROAD
7.5 M WIDE ROAD
7.5 M WIDE ROAD
7.5 M WIDE ROAD
				UTILITY
1	14	15	30	31	48	49
2	13	16	29	32	47	50
3	12	17	28	33	46	51
4	11	18	27	34	45	52
5	10	19	26	35	44	53
6	9	20	25	36	43	54
7	8	21	24	37	42	55
		22	23	38	41	56
				39	40	57
Secure Future
Sufficient Water Supply
Well Planned Roads
Safe & Family Friendly
High Return Investment

कार्रवाई: शालाखेड़ी रोड पर प्लास्टिक के थैले में रखा था गंधक-पोटाश

शमशाबाद में पुलिस ने 16 किलो अवैध विस्फोटक पदार्थ जब्त किया, 2 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

शमशाबाद पुलिस ने अवैध विस्फोटक पदार्थों के भंडारण और परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने उनके कब्जे से 16 किलोग्राम गंधक-पोटाश जब्त किया है, जिसकी अनुमानित कीमत 16 हजार रुपए बताई गई है। दोनों आरोपी प्लास्टिक के थैले में विस्फोटक पदार्थ लेकर शालाखेड़ी रोड पर मौजूद थे। पुलिस ने उनके खिलाफ विस्फोटक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार 7 नवंबर को थाना शमशाबाद पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कस्बे के शालाखेड़ी रोड पर दो व्यक्ति अवैध रूप से विस्फोटक पदार्थ गंधक-पोटाश लेकर खड़े हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और दोनों संदिग्धों को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उनके पास मौजूद प्लास्टिक के थैले से 16 किलो गंधक-पोटाश बरामद हुआ। पकड़े गए आरोपियों की पहचान अजीम (35) पिता शफीक खां और हेमराज (24) पिता प्रेमसिंह अहिरवार, दोनों निवासी ग्राम बरखेड़ा जागीर, थाना शमशाबाद के रूप में हुई है। पुलिस ने विस्फोटक पदार्थ जब्त कर थाना शमशाबाद में प्रकरण दर्ज किया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक आशुतोष सिंह, प्रधान आरक्षक राकेश शर्मा, आरक्षक वीरेंद्र दांगी, घनश्याम सहरिया, दीपक पाल, दिलीप ठाकुर, सोमेश शुक्ला और सुमेर सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्रवाई एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका तिवारी एवं एसडीओपी लटेरी अमरेश बोहरे के मार्गदर्शन में की गई।



विदिशा। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तलाशी ली और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

असुरक्षित इस्तेमाल से हो सकता है बड़ा हादसा

पुलिस के मुताबिक गंधक-पोटाश जैसे विस्फोटक पदार्थों का बिना वैधानिक अनुमति और सुरक्षा मानकों के भंडारण एवं उपयोग करना गंभीर खतरा पैदा कर सकता है। असावधानी से विस्फोट होने पर जनहानि, आगजनी और मकानों, दुकानों व वाहनों को नुकसान पहुंच सकता है। भीड़भाड़ वाले बाजारों और रिहायशी इलाकों में इनका असुरक्षित उपयोग विशेष रूप से खतरनाक है। हालांकि पहले दीपावली पर इसका खुलेआम विक्रय किया जाता है, लेकिन कई गंभीर घटनाएं होने के बाद इसे प्रतिबंधात्मक सामग्री करार दिया गया। इस इसके विक्रय पर प्रतिबंध है।

धनतेरस पर ग्यारसपुर का बाजार गुलजार, जमकर हुई खरीदारी



ग्यारसपुर। धनतेरस पर शुक्रवार को हाट बाजार का संयोग बनने से ग्यारसपुर के बाजार में सुबह से ही रौनक रही। आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग खरीदारी करने पहुंचे। दोपहर 2 से शाम 7 बजे तक बाजार में भारी भीड़ के चलते जाम की स्थिति बनी रही। लोगों ने बर्तन, कपड़े, फूल-मालाएं, रंगोली सामग्री, दीपावली सजावट, पटाखे और दोपहिया वाहन खरीदे। सोने-चांदी की दुकानों पर भी ग्राहकों की भीड़ रही। वाहन शोरूम संचालकों और पटाखा व्यापारी जसवंत प्रजापति ने उम्मीद से अधिक बिक्री होने की बात कही। अच्छी खरीदारी से व्यापारियों के चेहरे खिले रहे।

अमरपुरा में 29 में से 28 स्वामित्व रजिस्ट्रियां हुई

एक हितग्राही की मृत्यु के कारण मामला लंबित, तहसीलदार ने निरीक्षण कर अमले को प्रक्रिया पूरी करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

स्वामित्व योजना के तहत ग्रामीणों को उनकी आवासीय संपत्ति का वैधानिक मालिकाना हक दिलाने के लिए जिले में रजिस्ट्री तैयार करने का काम जारी है। शमशाबाद तहसीलदार संजय चौरसिया ने ग्राम पंचायत अमरपुरा के ग्राम अमरपुरा में योजना के कार्यों का निरीक्षण कर प्रगति की समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान सामने आया कि गांव में कुल 29 स्वामित्व रजिस्ट्रियां तैयार की जानी थीं। इनमें से 28 हितग्राहियों की रजिस्ट्रियां पूर्ण हो चुकी हैं, जबकि एक प्रकरण संबंधित व्यक्ति की मृत्यु हो जाने के कारण लंबित है। तहसीलदार ने राजस्व अमले से लंबित प्रकरण की जानकारी लेकर नियमानुसार आवश्यक प्रक्रिया पूरी कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वामित्व रजिस्ट्री कार्य को प्राथमिकता से पूरा करने और शेष प्रकरण का निराकरण करने पर जोर दिया। स्वामित्व योजना से ग्रामीण परिवारों को उनकी आवासीय संपत्ति के दस्तावेजी और वैधानिक अधिकार मिल रहे हैं। इससे भविष्य में संपत्ति संबंधी विवादों को कम करने में भी मदद मिलेगी। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन में जिले में योजना के कार्यों को तेजी से पूरा कराया जा रहा है।

दिल्ली को हराकर अंश तिवारी ने जीता स्वर्ण

राष्ट्रीय शालेय मार्शल आर्ट्स प्रतियोगिता में 70 किलो वर्ग में हासिल की उपलब्धि



हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

दिल्ली में 31 अक्टूबर से 5 नवंबर तक आयोजित 70वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में विदिशा के खिलाड़ी अंश तिवारी ने स्वर्ण पदक जीतकर मध्यप्रदेश का नाम रोशन किया। साकेत शिशु रंजन टीलाखेड़ी विद्यालय के अंश ने 17 वर्ष आयु वर्ग के 70 किलोग्राम वर्ग में सोनाथांग-टा मार्शल आर्ट्स प्रतियोगिता के फाइनल में दिल्ली के खिलाड़ी को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। अंश ने बिहार, उत्तर प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, गुजरात और मणिपुर के खिलाड़ियों को हराकर फाइनल में जगह बनाई। प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश के 36 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। प्रदेश दल को मिला यह एकमात्र स्वर्ण पदक अंश ने दिलाया। जिले की यशिका कुशवाहा ने भी मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। नगर लौटने पर रेलवे स्टेशन से साकेत एमजीएम विद्यालय तक अंश का ढोल-नगाड़ों और फूल-मालाओं के साथ खुली कार में जुलूस निकालकर भव्य स्वागत किया गया। विधायक मुकेश टंडन ने अंश को 21 हजार रुपए की सम्मान राशि देने की घोषणा की। कलेक्टर अंशुल गुप्ता, एसपी रोहित काशवानी सहित जनप्रतिनिधियों और साकेत परिवार ने बधाई दी।

विधायक टंडन ने 21 हजार रुपए की सम्मान राशि देने की घोषणा की

महिला एवं बाल विकास विभाग ने 11 हजार से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

- विभागों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।

जिले में पात्र हितग्राहियों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना से जोड़ने के लिए आयुष्मान कार्ड बनाने का अभियान तेजी से चलाया जा रहा है।

कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में महिला एवं बाल विकास विभाग का मैदानी अमला इस कार्य में जुटा है। अभियान के तहत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं द्वारा पात्र परिवारों तक पहुंचकर कार्ड बनवाने में सहयोग किया जा रहा है। निर्धारित लक्ष्य 7,593 के मुकाबले आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने अब तक 5 हजार 637 कार्ड बनाए हैं। वहीं सहायिकाओं ने 7 हजार 424 के लक्ष्य के विरुद्ध 5,423 कार्ड बनाने में सफलता हासिल की है। इस तरह दोनों श्रेणियों में कुल 11 हजार 60 आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। शेष पात्र हितग्राहियों के कार्ड बनाने के लिए अभियान जारी है। जिला प्रशासन ने संबंधित विभागों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।

दीपावली पर समूहों से जुड़ी महिलाओं ने बनाए 16 लाख मिट्टी व गोबर के दीए

114 स्व-सहायता समूहों के 386 सदस्यों ने 48 विक्रय केंद्रों पर बेचे दीपक

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

- प्रत्येक सदस्य ने औसतन 8 हजार से 12 हजार तक कमाए।

दीपावली पर्व पर विदिशा जिले की स्व-सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं ने आत्मनिर्भरता की मिसाल पेश की।

जिले के 114 स्व-सहायता समूहों की 386 सदस्यों ने मिलकर करीब 16 लाख मिट्टी और गोबर के दीपक तैयार किए। इन दीपकों की बिक्री के लिए जिले के विभिन्न विकासखंडों में 48 विक्रय केंद्र बनाए गए, जहां महिलाओं ने अपने उत्पाद बेचे। इस पहल से समूह सदस्यों को सामूहिक रूप से करीब 26 लाख रुपए की अनुमानित आय हुई। वहीं, प्रत्येक सदस्य ने औसतन 8 हजार से 12 हजार रुपए तक कमाए। इससे ग्रामीण महिलाओं को दीपावली के अवसर पर अतिरिक्त आमदनी का अवसर मिला। महिलाओं ने स्थानीय संसाधनों का उपयोग कर पारंपरिक दीपक तैयार किए, जिससे स्थानीय उत्पादों को बाजार भी मिला। मिट्टी और गोबर से बने दीपकों की बिक्री के जरिए भारतीय संस्कृति और परंपरा को बढ़ावा देने के साथ पर्यावरण अनुकूल उत्पादों के उपयोग का संदेश भी दिया गया। स्व-सहायता समूहों की इस गतिविधि से महिला उद्यमिता को प्रोत्साहन मिला है। उत्पादन से लेकर विपणन और विक्रय तक महिलाओं की भागीदारी ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने में योगदान दिया।

कन्या उमावि में रंगोली, दीपक बनाओ प्रतियोगिता संपन्न



गंजबासौदा। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्राओं की रंगोली एवं दीपक बनाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें 50 से अधिक छात्राओं ने दीपक बनाए एवं 45 से अधिक छात्राओं ने रंगोली बनाकर दिवाली के पहले पूरे विद्यालय को सजा दिया। इसी क्रम में विद्यालय के शिक्षकों और छात्राओं के मध्य सद्भावना क्रिकेट मैच का भी रोमांचक मुकाबला आयोजित किया गया। गतिविधि प्रभारी सरिता पाल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रभारी पंकज तिवारी के निर्देशन में यह दोनों प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यालय के प्राचार्य प्रहलाद भावसार ने सह भागिता करने वाली छात्राओं का उत्साह वर्धन किया एवं उन्हें दिवाली के बाद पुरस्कृत करने की घोषणा की। कार्यक्रम में निर्णायक के रूप में उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य महेश चंद्र शर्मा, उच्च माध्यमिक शिक्षक समीक्षा जैन, ओमप्रकाश चौरसिया, सीमा राजपूत विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त स्टॉफ का विशेष सहयोग रहा।

तत्वार्थ सूत्र की संपूर्ण गाथाओं का शुद्ध प्राकृत भाषा में किया सस्वर वाचन

आठ वर्षीय सानवी जैन ने बढ़ाया सिरोंज का मान, गुरुदेव ने दिए 100 में से 100 अंक



हरिभूमि न्यूज ⏭सिरोंज

प्रतिभा उम्र की मोहताज नहीं होती और यदि लगन, समर्पण, संस्कार एवं गुरुजनों का मार्गदर्शन मिल जाए तो छोटी-सी उम्र में भी बड़ी उपलब्धियां हासिल की जा सकती हैं। इस बात को चरितार्थ कर दिखाया है सिरोंज नगर की आठ वर्षीय नन्हीं बिटिया सानवी जैन ने अपनी अद्भुत स्मरण शक्ति, विलक्षण प्रतिभा, शुद्ध उच्चारण और आत्मविश्वास के दम पर सानवी ने न केवल जैन समाज, बल्कि पूरे सिरोंज नगर का नाम गौरवान्वित किया है।

इंदौर में आयोजित आयोजन के दौरान मुनिपुंगव श्री सुधासागर महाराज ने स्वयं सानवी की परीक्षा लेकर उसे 100 में से 100 अंक प्रदान किए। गुरुदेव के मुखारविंद से मिली यह प्रशंसा और आशीर्वाद सानवी के परिवार के साथ-साथ समूचे सिरोंज नगर के लिए गौरव का विषय बन गया है। नगर के नितिन जैन एवं सुरभि जैन की सुपुत्री सानवी जैन ने अपनी धार्मिक प्रतिभा का ऐसा अनुपम प्रदर्शन किया कि हजारों श्रद्धालुओं से भरी धर्मसभा तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठी। सानवी आचार्य ज्ञानसागर पाठशाला, सिरोंज की छात्रा है और अपनी गुरु माताओं ब्रह्मचारिणी सविता दीदी, ब्रह्मचारिणी माया दीदी एवं ब्रह्मचारिणी साधना दीदी के कुशल मार्गदर्शन में धार्मिक अध्ययन एवं कंठस्थ करने की कठिन साधना कर रही है।

पुण्योदय विद्यापीठ में दिखाया अद्भुत प्रतिभा का परिचय

इंदौर के दलाल बाग स्थित जैन मंदिर में जगत पूज्य मुनिपुंगव श्री 108 सुधासागर जी महाराज के पावन सानिध्य में भव्य वर्षायोग के अंतर्गत पुण्योदय विद्यापीठ का आयोजन चल रहा है। इसी धार्मिक एवं आध्यात्मिक आयोजन के दौरान जिज्ञासा समाधान कार्यक्रम में धार्मिक परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न प्रतिभागियों ने अपनी धार्मिक जानकारी और अध्ययन का परिचय दिया। इसी क्रम में जब सिरोंज की नन्हीं प्रतिभा सानवी जैन का नाम मंच से पुकारा गया तो वह अपनी माताजी के साथ मंच पर पहुंची। वहां उसने सर्वप्रथम गुरुदेव को श्रीफल अर्पित कर विनयपूर्वक आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद शुरू हुआ उसकी अद्भुत स्मरण शक्ति और धार्मिक ज्ञान का ऐसा प्रदर्शन, जिसे देखकर वहां उपस्थित श्रद्धालु और धर्मप्रेमीजन आश्चर्यचकित रह गए।

अंक बोलते ही सुनाने लगीं संपूर्ण गाथाएं, गुरुदेव भी हुए प्रसन्न

परीक्षा के दौरान स्वयं पूज्य गुरुदेव ने सानवी से तत्वार्थ सूत्र की गाथाओं के संबंध में प्रश्न पूछे। गुरुदेव एवं कार्यक्रम संचालक द्वारा गाथाओं के शुभ अंक जैसे 17, 40, 62, 99 आदि बताए जाते ही नन्हीं सानवी बिना किसी झिझक, बिना रुके और बिना किसी सहायता के संबंधित अंक की संपूर्ण गाथा शुद्ध प्राकृत भाषा में सस्वर सुनाने लगी। एक के बाद एक कई अंकों पर पूछी गई गाथाओं का सटीक एवं धाराप्रवाह वाचन सुनकर पूरी धर्मसभा मंत्रमुग्ध हो गई। मात्र आठ वर्ष की उम्र में इतनी बड़ी संख्या में धार्मिक गाथाओं को याद रखना और उन्हें शुद्ध उच्चारण के साथ प्रस्तुत करना अपने आप में असाधारण उपलब्धि है। सानवी के आत्मविश्वास, एकाग्रता और स्मरण शक्ति को देखकर उपस्थित श्रद्धालुओं ने जोरदार करतल ध्वनि से उसका उत्साहवर्धन किया। बिटिया की इस विलक्षण प्रतिभा से प्रभावित होकर मुनिपुंगव श्री सुधासागर महाराज ने खुले मंच से सानवी को 100 में से 100 अंक प्रदान किए। गुरुदेव ने दोनों हाथों से सानवी एवं उसके परिवार को भरपूर आशीर्वाद दिया। यह क्षण सानवी के जीवन का अविस्मरणीय पल बन गया।

आज मेरी मां का सपना पूरा हो गया, सानवी के इन शब्दों ने भावुक की धर्मसभा

इस पूरे आयोजन का सबसे भावुक कर देने वाला क्षण तब आया, जब गुरुदेव से 100 में से 100 अंक प्राप्त करने और उनका आशीर्वाद मिलने के बाद नन्हीं सानवी भावुक हो गई। खुशी के आंसुओं से उसकी आंखें भर आईं। जब उसे माइक पर अपनी खुशी व्यक्त करने का अवसर मिला तो उसने बेहद मासूमियत से कहा कि आज मेरी मां का सपना पूरा हो गया। सानवी के इन चंद शब्दों ने हजारों श्रद्धालुओं के हृदय को छू लिया। पूरी धर्मसभा भावुक हो उठी। यह वाक्य एक बेटी की सफलता के साथ-साथ मां के सपनों, उसके त्याग, तपस्या, संस्कार और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए किए गए प्रयासों की सुंदर अभिव्यक्ति बन गया।

सिरोंज पहुंची खबर तो नगर में छाई खुशी की लहर

सानवी जैन की इस गौरवपूर्ण उपलब्धि का समाचार सिरोंज नगर पहुंचते ही जैन समाज सहित पूरे नगर में हर्ष और उत्साह का वातावरण बन गया। सकल दिगंबर जैन समाज सिरोंज, आचार्य ज्ञानसागर पाठशाला समिति, समाज के वरिष्ठजनों एवं नगर के गणमान्य नागरिकों ने बिटिया सानवी जैन की इस असाधारण सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उसे एवं उसके परिवार को बधाइयां और शुभकामनाएं प्रेषित कीं। मंच से ही समाज के वरिष्ठजनों एवं चक्रवर्ती गौरव परिवार के श्री मनीष-सपना गोधा परिवार द्वारा भी बिटिया को पुरस्कृत कर उसका उत्साहवर्धन किया गया। समाजजनों ने कहा कि सानवी ने इतनी छोटी उम्र में जो उपलब्धि प्राप्त की है, वह संपूर्ण समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। आज के समय में जहां बच्चों को धार्मिक एवं सांस्कृतिक संस्कारों से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है, वहीं सानवी जैसी प्रतिभाएं यह संदेश देती हैं कि नियमित अध्ययन, अनुशासन, लगन और गुरुजनों के मार्गदर्शन से बच्चों में अद्भुत क्षमता विकसित की जा सकती है।










समस्त जिलेवासियों को
दीपावली पर्व एवं
भाई दूज की
हार्दिक शुभकामनाएं
गिरजेश नायक
सरपंच
ग्राम पंचायत दीवानगंज


शुद्ध सोने एवं चाँदी के
आभूषणो के विक्रेता
अलंकार
ज्वेलर्स की
ओर से दीपावली
की हार्दिक
शुभकामनाएं


प्रकाश पूर्व
दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाएं
मोहर सिंह परमार
सरपंच सेंडोरा रायसेन
सो :- ग्राम पंचायत सेंडोरा रायसेन


समस्त जिलेवासियों को
दीपावली पर्व एवं भाई दूज की
हार्दिक शुभकामनाएं
तिरुपति ज्वेलर्स
शुद्ध सोने एवं चांदी के आभूषणों के विक्रेता
TIRUPATI JEWELLERS
गोविंद सोनी
संचालक
सोजन्य : तिरुपति ज्वेलर्स, श्रीरामलीला मार्ग रायसेन


समस्त जिलेवासियों को
दीपावली पर्व
एवं भाई दूज की
हार्दिक शुभकामनाएं
श्री ज्वेलर्स
शुद्ध सोने एवं चांदी के
आभूषणों के विक्रेता
अखलेश जिझौतिया
सोजन्य : श्री ज्वेलर्स,
गंज बाजार रायसेन


दीपावली की
हार्दिक शुभकामनाएं
केशराम साहू
अनाज व्यापारी
रायसेन


दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाएं
मोहर सिंह ठाकुर
सो :- मोहर सिंह ठेकेदार रायसेन


समस्त जिलेवासियों को
दीपावली पर्व एवं भाई दूज की
हार्दिक शुभकामनाएं
महालक्ष्मी इलेक्ट्रोनिक्स
इलेक्ट्रोनिक्स, मोबाईल, फर्नीचर
मोबा. 9826411486
महालक्ष्मी इलेक्ट्रॉनिक्स
राहुल गुप्ता


समस्त जिलेवासियों को
दीपावली पर्व एवं
भाई दूज की
हार्दिक शुभकामनाएं
मिथलेश सोनी
डायरेक्टर, TSS फूड्स


दीपावली
की हार्दिक
शुभकामनाएं
सरपंच
ग्राम पंचायत
सता तलाई
सो :- ग्राम पंचायत सता तलाई, सलामतपुर रायसेन